अंडरपास निर्माण ने पकड़ी गति

हजार बिस्तर अस्पताल और पुराने जेएएच को जोड़ेगा

मरीजों और तीमारदारों की राह होगी आसान; सड़क पार करने के जोखिम और ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी बड़ी राहत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 26मई। अंचल के सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र जयारोग्य अस्पताल समूह के नए हजार बिस्तर अस्पताल से पुराने जेएएच अस्पताल में जाने के लिए बनाए जा रहे अंडरपास का निर्माण कार्य अब पूरी तरह गति पकड़ चुका है। पिछले कुछ दिनों से निर्माण एजेंसी ने काम की रफ्तार बढ़ा दी है, जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही यह अंडरपास मरीजों और उनके परिजनों के लिए खोल दिया जाएगा। **मरीजों की सुरक्षा और सुगमता के लिए बेहद जरूरी:** उल्लेखनीय है कि हजार बिस्तर अस्पताल शुरू होने के बाद से कई महत्वपूर्ण विभाग, आईसीयू और जांच केंद्र दोनों अलग-अलग बिल्डिंगों में संचालित हो रहे हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर या व्हीलचेयर पर लेकर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल (पुराने जेएएच कैंपस) ले जाने के लिए भारी ट्रैफिक के बीच से मुख्य सड़क पार करनी पड़ती थी। इससे न सिर्फ मरीजों की जान का जोखिम बना रहता था, बल्कि एम्बुलेंस और तीमारदारों को भी लंबे जाम से जूझना पड़ता था। इसी समस्या के स्थाई समाधान के लिए शासन द्वारा इस अंडरपास की स्वीकृति दी गई थी, जिसका निर्माण अब अंतिम चरणों की ओर बढ़ रहा है। **अंडरपास से मिलेंगी यह प्रमुख सुविधाएं:** बिना किसी बाधा के शिफ्टिंग: गंभीर मरीजों को बिना किसी बाहरी ट्रैफिक व्यवधान के सुरक्षित और तुरंत दूसरे विभाग में शिफ्ट किया जा सकेगा। **कनेक्टिविटी में सुधार:** स्ट्रेचर, व्हीलचेयर और मेडिकल स्टाफ के आने-जाने के लिए रैंप आधारित सुगम रास्ता तैयार किया जा रहा है। **ट्रैफिक से मिलेगी मुक्ति:** मुख्य मार्ग पर लगने वाले वाहनों के जाम और एम्बुलेंस के फंसने की नौबत नहीं आएगी।

जल्द पूरा होगा निर्माण कार्य: अस्पताल प्रबंधन एवं अधीक्षक सुधीर सक्सेना और निर्माण से जुड़े अधिकारियों की मानें तो इस अंडरपास के सिविल वर्क को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण कार्य की गति को देखते हुए स्थानीय नागरिकों और अस्पताल के डॉक्टरों ने भी राहत की सांस ली है। इस अंडरपास के शुरू होते ही ग्वालियर-चंबल संभाग सहित अन्य जिलों से आने वाले हजारों मरीजों को इलाज के दौरान एक से दूसरी बिल्डिंग की दौड़भाग से बड़ी निजात मिलेगी।

टीटी कोच सुदेश विश्व मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप में दिखाएंगे दम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 26मई। खेल जगत में ग्वालियर के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। मध्य प्रदेश राज्य के राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी, ग्वालियर टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं वरिष्ठ टेबल टेनिस कोच सुदेश दहिवासे विश्व मास्टर्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए दक्षिण कोरिया जा रहे हैं। वे आगामी 5 जून

2026 से आयोजित होने वाली इस वैश्विक प्रतियोगिता के साठ वर्ष से अधिक आयु वर्ग में देश की चुनौती पेश करेंगे।

सुदेश दहिवासे की सफलता की उम्मीद को लेकर ग्वालियर और पूरे मध्य प्रदेश के टेबल टेनिस प्रेमियों में हर्ष है। सुदेश दहिवासे कार्यालय महालेखाकार से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अपने खेल करियर में उन्होंने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश का और सीएजी विभाग का शानदार प्रतिनिधित्व किया है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए दहिवासे 3 जून को मुंबई से दक्षिण कोरिया के लिए उड़ान भरेंगे। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 5 जून से 12 जून तक खेला जाएगा। दहिवासे के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से स्थानीय खेल प्रेमियों और संघ में भारी उत्साह है। इस अवसर पर ग्वालियर टेबल टेनिस संघ के सभी सदस्यों सहित दीपक संचेती, डॉ. नीरज कौल, रवि बग्गा, सुयश चतुर्वेदी, स्वपन साहा, सुजय चतुर्वेदी, हिमानी चतुर्वेदी, सूचित चतुर्वेदी, अशोक मांजरेकर, रिंकी घोष, रश्मि पवार, डॉ. नवदीप चौहान, मनोज अग्रवाल, बृजेंद्र गुप्ता और हस्तलिखित संशोधन के अनुसार दीपक तोमर व ज्योति सिंह आदि ने उन्हें बधाई दी।

श्मशान घाट के लिए हाईवे पर किया चक्काजाम

ग्वालियर 26 मई। विक्की फैक्ट्री चौराहे पर ग्रामीणजनों द्वारा वर्षों से लंबित मरघट की मांग को लेकर शव रखकर किए गए चक्काजाम आंदोलन किया गया। जैसे ही आंदोलन की सूचना शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव को मिली, वे तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणजनों से चर्चा कर उनकी पीड़ा को गंभीरता से प्रशासन के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में श्मशान की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन प्रशासन लगातार इस मूलभूत समस्या की अनदेखी करता रहा।

टाइम ग्वालियर के छात्र जयंत यादव ने किया कमाल

आईआईएम इंदौर और रोहतक के आईपीएम में मिला पीआई शॉर्टलिस्ट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 26 मई। ग्वालियर के प्रतिभाशाली छात्र जयंत यादव ने एक बार फिर शहर का नाम रोशन किया है। टाइम ग्वालियर के छात्र जयंत यादव का चयन देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर एवं आईआईएम रोहतक के इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम) के पर्सनल इंटरव्यू (पीआई) राउंड के लिए हुआ है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है। जयंत यादव की इस सफलता पर टाइम ग्वालियर में खुशी का माहौल है। सेंटर डायरेक्टर जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि जयंत ने लगातार मेहनत और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि ग्वालियर के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और आने वाले छात्रों को भी बड़े संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने आगे कहा कि टाइम ग्वालियर हमेशा से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और सही रणनीति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। जयंत की यह सफलता संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक तैयारी और मार्गदर्शन को भी दर्शाती है। गौरतलब है कि आईआईएम इंदौर और आईआईएम रोहतक का आईपीएम प्रोग्राम देश के सबसे प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कोर्सेज में गिना जाता है, जिसमें चयन प्रक्रिया

CHANGE OF NAME & DOB

I, RAM BABU (Unit-13 JAK RIF) Army Number-13776792L Rank- LHAV Son of DHANI RAM presently residing at Village-Kadhyan, Post- Boching, Tehsil- Padhar Kadhiyan, Distt.- Mandi, State-Himachal Pradesh, Pincode - 176122 (Address) inform that I have changed my Mother's Name and Date of birth from VEEHI (DOB 29.11.1967) to BIHI (DOB 01-01-1958) vide Affidavit No. CB 955583 Dated-25.05.2026 GWALIOR

CHANGE OF NAME

1, **Nikita Chaudhary**, aged 33 years, D/o **Shri Shyam Sunder Chaudhary** present R/o A3/210, TN-8, Purvanchal Heights, Zeta-1, Greater Noida (U.P.) 201310, known as **Sweety Chaudhary** (by birth name) and changed to **Nikita Chaudhary** (as per all education certificates) for all purposes. I shall continue to be known as **Nikita Chaudhary** in future. This change has been recorded as per affidavit sworn before a Notary Public Officer (Reg No 568) G.B. Nagar.

Nikita Chaudhary
Date: 23.05.2026

कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक/आनन्द नगर/सम्पदा/2026/3478
ग्वालियर दिनांक 19/5/26

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गिरीश चन्द्र तिवारी पुत्र श्री आर.एन. तिवारी, निवासी- क्वार्टर नं. 514/III, शास्त्री नगर, ग्वालियर को आनन्द नगर योजना अन्तर्गत भूखण्ड क्रमांक 58 आकार 105.00 वर्गमीटर आवंटित है। श्री गिरीश चन्द्र तिवारी को आनन्द नगर योजना के उक्त भूखण्ड क्रमांक 58 स्थल पर उपलब्ध न होने के कारण उक्त भूखण्ड के स्थान पर भूखण्ड क्रमांक 587 आकार 105.00 वर्गमीटर परिवर्तित किया गया। श्री गिरीश चन्द्र तिवारी द्वारा उक्त भूखण्ड का हस्तांतरण (विक्रय) करने की अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 7 दिवस के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार उक्त भूखण्ड का हस्तान्तरण (विक्रय) करने की अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
ग्वालियर विकास प्राधिकरण, ग्वालियर

नमांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व, साधरण को सूचित किया जाता है, कि नगर निगम निगम क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 09 वार्ड क्र 20 भवन क्र..... स्थान- नदीपार टाल, जौधा सिंह का बाड़ा, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) में स्थित है, जो कि श्री/श्रीमती का. रतनलाल, बाबूलाल, का. हरिओम पुत्र/पत्नि/पुत्री मूलचन्द्र नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000236707 पर दर्ज है/नही है, जिसका क्षेत्रफल 479 वर्गफुट है, उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्र. कोर्ट डिग्री दिनांक द्वारा क्रय/उत्तराधिकारी से प्राप्त/वसीयत से प्राप्त किया गया है। उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र टप्पा मुरार क्षेत्र क्र. 09 पर दिनांक 06.10.2025 को किया गया है, जिसका आवेदन कार्य क्रमांक ....प्र. क्रं .3/11 हैं। उक्त के संबंध में यदि किस को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम, ग्वालियर सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक - जयकुमारी W/o स्व. रतनलाल
हरिओम S/o स्व. मूलचन्द्र
पता- नदीपार टाल, जौधा सिंह का बाड़ा, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) वार्ड - 20,
मो. 7440207244

श्रीराम कथा और गंगा दशहरा का हुआ पूजन, संतों ने दिया आशीर्वाद

सचिन तेंदुलकर मार्ग स्थित डीबी सिटी के स्वास्तिक बैंक्वेट में दादा गुरु महाराज की पावन पुण्य स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय 'गंगा दशहरा वार्षिक महोत्सव' और त्रैमासिक अनुष्ठान का सोमवार को भव्य समापन हुआ। श्री गंगाजगद्गुरु धाम (अखाड़ा परिषद) के संस्थापक जगद्गुरु आनंदेश्वर महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस त्रैमासिक महोत्सव के अंतिम दिन श्री राम कथा, गंगा दशहरा पूजन, संत समागम और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ कमाया।

राम कथा और संत वचनों से भक्तिमय हुआ वातावरण: सोमवार को महोत्सव के अंतिम दिन दोपहर से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ हो गया, जो देर रात तक अनवरत चलता रहा। इस अवसर पर विशेष रूप से आयोजित श्रीराम कथा में व्यासपीठ से प्रभु श्रीराम की महिमा और उनके आदर्श चरित्र का संगीतमय गुणगान किया गया। तत्पश्चात देश के विभिन्न अंचलों से आए संतों ने अपने

विशाल भंडारे के साथ त्रैमासिक महोत्सव का हुआ समापन

सारगर्भित प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। संतों के समागम, दिव्य सत्संग और सुमधुर भजनों से पूरा स्वास्तिक बैंक्वेट परिसर श्रोताओं की तालियों और जयकारों से गुंजायमान रहा। महाआरती के पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर महाप्रसादी ग्रहण की।

राष्ट्रीय ज्योतिष संगोष्ठी एवं परामर्श शिविर में जुटे विद्वान: महोत्सव के अंतिम दिन, 25 मई सोमवार को प्रात: 10 बजे से एक विशेष 'ज्योतिष संगोष्ठी एवं परामर्श शिविर' का भी आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय संगोष्ठी में देश भर से आए प्रबुद्ध ज्योतिषविदों, वेदाचार्यों और विद्वानों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान विद्वानों ने भारतीय ज्योतिष परंपरा, ग्रह-नक्षत्रों के प्रभाव और लोक कल्याण में ज्योतिष की महत्ता पर गंभीर मंथन किया। साथ ही, शिविर में पहुंचे शहर के नागरिकों को अनुभवी ज्योतिषियों द्वारा नि:शुल्क परामर्श और मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

आयोजन समिति ने जताया आभार:

त्रैमासिक महोत्सव और तीन दिवसीय गंगा दशहरा वार्षिक मेले को भव्यता प्रदान करने में श्री गंगाजगद्गुरु धाम अखाड़ा परिषद की व्यवस्था देख रहे अनुपमा एवं राज दंडोतिया की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम की पूर्णाहुति पर दंडोतिया द्वय एवं पूरी आयोजन समिति ने ग्वालियर चंबल संभाग तथा आसपास के क्षेत्रों से आए सभी पूज्य संतों, विद्वानों और धर्मप्रेमी विप्र बंधुओं का इस आयोजन को सफल और आलौकिक बनाने के लिए हृदय से आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

भटेले बने प्रदेश अध्यक्ष

ग्वालियर। ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट, ग्वालियर के सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा की अनुशंसा पर गिरजा शंकर भटेले को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा साडा के अध्यक्ष अशोक शर्मा, ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद्र कौशिक, स्वामी राजेश्वरा नंद, नरेश कुमार शर्मा, ऋषि दयानंद शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, और कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा। पूर्व महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा, पार्षद ममता अरविंद शर्मा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा, बीजेपी जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता महेश मुद्गल, रामबाबू कटारे, किशन मुद्गल, के.डी. सोनकिया, महेन्द्र पटसरिया, राजेश नायक, दिनेश कांकर, भूपेंद्र शर्मा, अशोक पटसरिया, शशिकांत दीक्षित, अनिल शर्मा, हेमलता राव, प्रियंका शर्मा, रश्मी शर्मा, राष्ट्रीय सचिव लोकेन्द्र डंडोतिया और कांता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 10 वार्ड क्रमांक 23 व स्थान- 79,अशोक कॉलोनी पार्क के पीछे,टाल मुरार ,ग्वा.474001 में स्थित है जो कि रामस्वरूप/विद्यालाल के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000273818 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मृत्य उपरांत/उत्तराधिकार/वसीयत दिनांक ... द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन ऑमखो दिनांक 18/05/2026 को किया गया है. जिसकी कार्य क्रमांक 67/2010/65399/65448 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 26-5-2026

आवेदक का नाम/पता/मो.नं.
श्रीमती चकती बाई,दौलतराम, कमलादेवी/स्व .रामस्वरूप
पता-79,अशोक कॉलोनी पार्क के पीछे टाल,मुरार
474001, ग्वालियर म.प्र., मोब- +918871745650

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती प्रतिभा सेठ पत्नी श्री विनोद सेठ ने उक्त अचल सम्पत्ति बहुमंजिला भवन तृतीय मंजिल स्थित सेठ औचिड पड़ाव पुल के नीचे, पड़ाव लश्कर ग्राम महलगाँव जिला ग्वालियर में है। जिसका म्यु. भवन क्र. 33 वार्ड क्र. 58 है, जो मेरी पक्षकारा की दानशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड दस्तावेज क्र. एम. पी. 21 आई. जी. आर. 17402026ए100247735 तारीखी 02.03.2026 में यश सेठ पुत्र श्री विनोद सेठ से सम्पादित किया। मेरी पक्षकारा की दानशुदा सम्पत्ति के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में-सम्पत्ति यश सेठ पश्चिम में - भवन पवन ऐरन, उत्तर में-रोड, दक्षिण में - सम्पत्ति यश सेठ जिसका कुल क्षेत्रफल 2412 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के दानकर्ता यश सेठ पुत्र श्री विनोद सेठ के पिता वसीयतकर्ता विनोद सेठ पुत्र स्व. श्री आर. आर. सेठ के द्वारा नोटरी वसीयत यश सेठ पुत्र श्री विनोद सेठ को तारीखी 21.01.2016 में हुई लेकिन वसीयतकर्ता विनोद सेठ पुत्र स्व. श्री आर. आर. सेठ की मृत्यु हो जाने के बाद यश सेठ पुत्र स्व. श्री विनोद सेठ वारिसान की हैसियत से मालिक व काबिज है। मेरी पक्षकारा श्रीमती प्रतिभा सेठ पत्नी श्री विनोद सेठ को दान पत्र दानकर्ता यश सेठ पुत्र स्व. श्री विनोद सेठ के द्वारा किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या दानकर्ता के किसी भी परिवारिक सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 07 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती प्रतिभा सेठ पत्नी श्री विनोद सेठ अचल सम्पत्ति बहुमंजिला भवन तृतीय मंजिल कुल क्षेत्रफल 2412 वर्गफुट को बधंक रखकर हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेंन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक- 26.05.2026
स्थान- ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाल, एडवोकेट
चिक संतर मुरार, ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

आम व खास को सूचित किया जाता है कि, एक आवासीय भवन जिसका कुल क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट है जो सर्वे क्रमांक 52/1/13 (पुराना सर्वे क्रमांक 52/1) राजस्व ग्राम बुजुर्ग भाग पर निर्मित होकर वार्ड क्रमांक 13, ग्राम बुजुर्ग डबरा, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है:- पूर्व में- श्री लच्छीराम का भवन, पश्चिम में -शंकर सिंह बेरिया का भवन, उत्तर में-रज्जन का भवन, दक्षिण में-बुजुर्ग रोड़ स्थित है जिसे आवेदक श्री राजेन्द्र सिंह बेरिया पुत्र श्री मोहन सिंह बेरिया निवासी बुजुर्ग रोड़, डबरा, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर, म.प्र. ने सम्पत्ति श्रीमती लीला देवी बेरिया पत्नि स्वं. श्री मोहन सिंह बेरिया निवासी बुजुर्ग रोड़, डबरा, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर, म.प्र. से जरिये पंजीकृत बसियत ग्रंथ क्रमांक 71, दस्तावेज क्रमांक 100 दिनांक 12/01/2012 से बतौर उत्तराधिकार में पैतृक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त कर मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई एचएफसी, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।

दिनांक: 25/05/2026
पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय 44, कैलाश विहार, सिटी सेंटर, ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय प्रात: 11.00 से सांय 05.00 तक

आम सूचना

श्री घनश्याम झा पुत्र श्री रामगोपाल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र .266, स्थित बड़ा बाजार, वार्ड क्र .02, प.ह.नं.33, पिछोर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) है एवं जिसका क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भवन मस्ता कुशवाह, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भवन सोनू किन्नर एवं दक्षिण में-भवन गुड्डू पंडित है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री घनश्याम झा पुत्र श्री रामगोपाल के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री घनश्याम झा द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती कपूरी झा पत्नी श्री घनश्याम झा के हित में सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किये जाने हेतु डीड का ड्राफ्ट तैयार किया गया है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व का कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री घनश्याम झा एवं श्रीमती कपूरी झा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान वित्तीय संस्थान टायगर कैपिटल प्राईवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने एवं पूर्व का कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

आम व खास को सूचित किया जाता है कि, आवासीय भूखण्ड जिसका कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 327/2 राजस्व ग्राम डांग सरकार का भाग होकर ग्राम डांग सरकार, भिण्ड रोड़, तहसील गोहद, जिला भिण्ड, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है: पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण में-आरती का प्लॉट स्थित है, उक्त संपत्ति को आवेदक श्री नीरज पुत्र श्री लाखाराम निवासी ग्राम टीकरी, पोस्ट जरी, भिण्ड, जिला भिण्ड, म.प्र. ने सम्पत्ति स्वामी श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री मोहर सिंह निवासी 18, डांग सरकार, तहसील गोहद, बिरखड़ी, जिला भिण्ड, म.प्र. से क्य करने का अनुबंध कर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, उक्त्त सर्वे संख्यांक की भूमि को अनुबंधकर्ता / सम्पत्ति स्वामी अन्य सह-स्वामियों के साथ संयुक्त स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करता था तथा उसके द्वारा अपने भाग की भूमि से अनुबंध-पत्र का निष्पादन आवेदक के पक्ष में किया गया है। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।

दिनांक: 26/05/2026.
पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय ओशो ध्यान केन्द्र के पास, पटेल नगर, सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय प्रात: 11.00 से सांय 05.00 तक

आम सूचना

श्री धनराज कुशवाह पुत्र श्री बजरंगलाल कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति स्थित ग्राम चंद्रपुरा, तहसील बरौदा एवं जिला श्योपुर (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र .45 (बी), ब्लॉक नं .90 (पी) का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 84.00 वर्गमीटर है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भवन कमलेश कुशवाह, पश्चिम में भवन मुकेश कुशवाह, उत्तर में रास्ता आम एवं दक्षिण में भवन राजू कुशवाह है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में भू-राजस्व रिकॉर्ड वर्ष 2022-23 के अनुसार, श्री धनराज कुशवाह पुत्र श्री बजरंगलाल कुशवाह के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री धनराज कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती पार्वती कुशवाह पत्नी श्री धनराज कुशवाह के हित में लिखतम सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किये जाने हेतु डीड का ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वर्ष 2022-23 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री धनराज कुशवाह एवं श्रीमती पार्वती कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, ए